सं. 15/03/2005-रा0भा0 (सेवा)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
.....

लोक नायक भवन, खान मार्किट,
नई दिल्ली दिनांक 12.09.2011

कार्यालय ज्ञापन

विषयः केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा (सी एस ओ एल एस) की संवर्ग-समीक्षा ।

केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा में विभिन्न ग्रेडों में पदोन्नति में गत्यावरोध को ध्यान में रखते हुए राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा (सीएसओएल) के संवर्ग - समीक्षा के प्रस्ताव को व्यय विभाग ने अपने दिनांक 29.07.2011 के आई.डी. नोट सं.2(2)/स्था.III.डेस्क/2009 द्वारा अनुमोदित कर दिया है। सरकार ने समूह 'क' पदों की संख्या में 112 पदों की बढ़ोतरी करने और समूह 'ख' के 122 पदों का उन्नयन करने का निर्णय लिया है । सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से पदों की संख्या सहित निम्नलिखित संवर्ग ढ़ांचे को अतिम रूप दिया गया है –

क्र.सं.	पद और वेतनमान	वर्तमान पदों की संख्या	स्वीकृत पदों की संख्या
1	2	3	4
1.	निदेशक (पीबी-4+8700जीपी)	18	18
2.	संयुक्त निदेशक(पीबी-3+7600)	20	36(+16)
3.	उप निदेशक (पीबी-3+6600)	33	85(+52)
4.	सहा.निदेशक (पीबी-3+5400)	156	200(+44)
5.	वरिष्ठ अनुवादक (पीबी-2+4600)	196	318 (+122)
6.	कनिष्ठ अनुवादक (पीबी-2+4200)	442	320(-122)
	योग	865	977(+112)

2. सभी ग्रेडों में उत्पन्न होने वाली परिणामी रिक्तियों को वरिष्ठता-सह-उपयुक्तता के आधार पर कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग के अनुमोदन से पदोन्नति द्वारा भरा जाएगा ।

3. केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा में भागीदार मंत्रालयों/विभागों/संबद्ध कार्यालयों के मध्य सवंर्ग की संशोधित संख्या का आबंटन करने के लिए अलग से आदेश जारी किए जाएंगे ।

4. संवर्ग की संशोधित संख्या के आधार पर केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा से संबंधित भर्ती नियमों में तदनुरूपी संशोधन करने संबंधी अधिसूचना भी पृथक रूप से जारी की जाएगी ।

(धर्म सिंह)
अवर सचिव, भारत सरकार

सेवा में,

भारत सरकार के केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग में भागीदार
सभी मंत्रालय/विभाग/संबंद्ध कार्यालय
(संयुक्त सचिव (प्रशा.))

सेवा में,

1. विशेष कार्य अधिकारी, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली
2. गृह राज्य मंत्री (एस) के निजी सचिव, नार्थ ब्लाक
3. सचिव (राजभाषा) के प्रधान निजी सचिव